INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII- 3rd Lang	Department: Hindi	Date of submission: Keep in File
Question bank	Topic: तुझको प्रणाम	Note: Read and practice

पाठ - **तुझको प्रणाम** (Question bank cum grammar)

तुझको प्रणाम.pdf

प्रश्नोत्तर - मौखिक -

प्रश्न क. गिरि नभ से कैसे मेल-जोल करते हैं ?

उत्तर : ऊँचे - ऊँचे गिरि नभ की ओर बढ़कर उसे छूते प्रतीत होते हैं इसलिए वे मेल-जोल करते लगते हैं ।

प्रश्न ख. हर सुबह , दोपहर और शाम क्या चलता रहता है ?

उत्तर : सागर का लहराना, हवाओं का चलना और नदियों का बहना सुबह, दोपहर और शाम चलता रहता है ।

लिखित प्रश्न-

प्रश्न क. 'चरणों में सागर रहा डोल' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

उत्तर : सागर भारत के दक्षिण में लहराता रहता है । भारत के दक्षिण भाग को इसका चरण माना गया है इसलिए 'चरणों में सागर रहा डोल' से कवि का यह तात्पर्य है कि सागर भारत माता के चरणों में लहराता रहता है और शोभा बढ़ता रहता है ।

प्रश्न ख. क्या सुनकर मानवता आँखें खोल रही है ?

उत्तर : प्रेम, भाईचारा जैसे अमृत बोल सुनकर मानवता आँखें खोल रही है ।

प्रश्न ग. हर भारतवासी का सुकाम क्या है ?

उत्तर: प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना, निर्बल की सेवा और सुरक्षा करना हर भारतवासी का सुकाम है ।

अतिरिक्त प्रश्न

1. कवि किसको प्रणाम कर रहा है ?

   उत्तर : कवि भारत माता को प्रणाम कर रहा है ।

2. इस कविता के कवि का नाम क्या है ?

   उत्तर : इस कविता के कवि का नाम डॉ. अजय प्रसून है ।

3. निर्बल जन की सेवा कैसे की जा सकती है ?

   उत्तर : निर्बल जन की सेवा करने के लिए उसे आर्थिक सहायता दी जा सकती है, परंतु बार - बार आर्थिक सहायता लेकर वह निर्बल ही बना रहेगा । उसकी वास्तविक सहायता आत्म निर्भर बनने में सहयोग करके की जानी चाहिए ।

पाठ्य पुस्तक --1 सही विकल्प चुनिए।

उत्तर : 1.. भारत माता के चरणों में कौन डोलता है ?

*भारतवासी *नदियाँ *पेड़-पौधे *सागर

2 . कौन आसमान से मेल-जोल करते हैं ?

*बादल *सूरज *पर्वत *इन्द्रधनुष

3 . भारत में कैसी हवा बहती है ?

*तूफ़ानी *सुखदाई *मंद *गर्म

4 . भारतमाता का मस्तक किसकी तरह चमकता है ?

*सूरज की तरह *चाँद की तरह *बिजली की तरह *दीये की तरह

5. भारत को क्या कहा गया है ?

* माँ * बहन *दादी *नानी

6. सागर किसके चरणों में डोलता है ?

* दादी माँ के *नानी माँ के *मामी के *भारत माता के

7. सूरज की तरह किसका भाल चमकता है ?

* भारत माता का * दादी माँ का * नानी माँ का * मामी का

उत्तर: 1 सागर, 2 पर्वत, 3 सुखदाई, 4 सूरज की तरह,
5. माँ, 6. भारत माता के, 7. भारत माता का